वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :4 अंक : 65 | शनिवार 29 जून 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

# प्रदेश में मानसून ने दस्तक दी

## प्रदेश में 30 साल में 114 प्रतिशत तक बढ़ गया भू-जल दोहन, केवल 12 फीसदी ब्लॉक ही सुरक्षित

**जयपुर. कासं**

प्रदेश में मानसून ने दस्तक दे दी है, लेकिन भूजल स्तर की हालात चिंताजनक बनी हुई है। प्रदेश के 299 में से केवल 38 ब्लॉक यानि 12 प्रतिशत ब्लॉक ही सुरक्षित बचे हुए है। पिछले 30 साल में भूजल दोहन 114 प्रतिशत तक बढ़ गया है। बीते साल 149 प्रतिशत भूजल दोहन किया गया है। बारिश का पानी जमीन में रिचार्ज होने के बजाए नदी, नालों में बहकर निकल जाता है। प्रदेश के 88 प्रतिशत ब्लॉक सेमी क्रिटिकल, क्रिटिकल, अत्यधिक दोहित है। ऐसी ही स्थिति रहेगी तो आने वाले सालों में हालात भयावह होने की आशंका है। प्रदेश के 299 में से 216 ब्लॉक अत्यधिक दोहित है भूजल विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक 1984 में जमीन के नीचे से 35 प्रतिशत पानी निकाला करते थे, लेकिन 2023 में आंकड़ा बढ़कर 149 प्रतिशत तक पहुंच गया है। यानी ग्राउंड वाटर का दोहन 114 प्रतिशत तक बढ़ गया है।




## मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.0 में 5 लाख स्ट्रक्चर

प्रदेश में भूजल की चिंताजनक स्थिति को देखते हुए सरकार ने मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.0 में 5 लाख वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर बनाने का फैसला किया है। यह वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर 20 हजार गांव-ढाणियों में बनाए जाएंगे। ताकि जल संरक्षण के कार्यो को बढ़ाया जा सके। इसकी मॉनिटरिंग ग्रामीण विकास व पंचायतीराज विभाग करेगा। मानसून आने से पहले 532 बांध बिल्कुल सूखे हुए थे। प्रदेश के 691 बांध में से 511 सूखे है। मानसून की बारिश के बाद 21 बांधों में हल्का पानी आया है। ऐसे में वर्तमान में 176 बांधों की तलहटी में पानी है। वहीं केवल चार बांध पूरे भरे हुए है। जल संसाधन विभाग के इंजीनियरों का आंकलन है कि बांधों में पर्याप्त पानी आ जाए तो आसपास के इलाके के भूजल स्तर में भी सुधार हो सकता है। इससे ट्यूबवेल व कुएं भी रिचार्ज होंगे तथा फसलों की सिंचाई हो सकेगी। प्रदेश में सबसे ज्यादा छोटे बांध सूखे हुए है। छोटे बांध 408 है, इसमें से 336 पूर्ण तया खाली पड़े हैं।

# 20 रुपए का धनिया एक महीने में 200 रुपए पहुंचा:गर्मी की वजह से बढ़े दाम; मंडी प्रशासन ने कहा- अब भाव कम हो रहे

**गर्मी में इन दिनों वैसे तो सभी हरी सब्जियों के भाव सामान्य दिनों से ज्यादा हैं। वर्तमान में हरी धनिया, नींबू, शिमला मिर्च, गंवार फली, टिंडे ऐसी सब्जियां हैं, जो अभी 100 रुपए प्रतिकिलो से ज्यादा बिक रहे हैं।**



**जयपुर. कासं**

प्रदेश में इस बार गर्मी ने रिकॉर्ड तोड़ा। नौतपा से लेकर जून 20 जून तक भीषण गर्मी का दौर चला। इसका असर सीधे तौर पर सब्जियों के भावों पर देखने को मिला। बताया जा रहा है कि गर्मी की वजह से 20 से 30 रुपए किलो मिलने वाला धनिया एक ही महीने में 200 रुपए तक पहुंच गया। वहीं 60 से 70 रुपए किलो मिलने वाले अदरक की भी रेट 200 रुपए प्रतिकिलो तक पहुंच गई है। किसान इसका कारण गर्मी बता रहे है। किसानों का कहना है- इस बार भीषण गर्मी की वजह से सब्जियों को काफी नुकसान हुआ है। इसी वजह से धनिया और अदरक के साथ नींबू, ग्वार फली जैसी सब्जियों के दाम बढ़े हैं। हालांकि मंडी प्रशासन का कहना है कि भाव कम हो रहे हैं। आने वाले दिनों में सब्जी के दामों में कमी हो सकती है। गर्मी में इन दिनों वैसे तो सभी हरी सब्जियों के भाव सामान्य दिनों से ज्यादा हैं। वर्तमान में हरी धनिया, नींबू, शिमला मिर्च, गंवार फली, टिंडे ऐसी सब्जियां हैं, जो अभी 100 रुपए प्रतिकिलो से ज्यादा बिक रहे हैं। इसी तरीके से गर्मी के मौसम में लोगों की पसंद रहने वाली गंवार फली खुदरा भाव में 120 रुपए किलो से 150 रुपए किलो तक बेची जा रही है। वहीं गर्मी में राहत देने वाला नींबू के खुदरा भाव 120 रुपए किलो से 150 रुपए किलो तक है। चाय के स्वाद बढ़ाने वाले अदरक के खुदरा भाव इन दिनों 220 रुपए के आसपास पहुंच गए है।

## भीषण गर्मी पड़ने के कारण सब्जी की पैदावार कम हुई

इन दिनों बाजार में हरी सब्जियों में लौकी, तोरई, कद्दू, भिंडी, लौकी, कटहल, धनिया, हरी मिर्च, टिंडा, शिमला मिर्च आदि बाजार में उपलब्ध हैं लेकिन सभी के भाव बढ़े हुए हैं। सब्जी विक्रेता नरेंद्र सैनी ने बताया कि इस समय महंगी सब्जियों में अदरक, धनिया, गंवार फली, खीरा, मिर्ची और टमाटर मध्यम वर्ग के के बजट से बाहर हो रही है। उन्होंने बताया गंवार फली, धनिया, नींबू अदरक जैसे सब्जियां 100 रुपए से ज्यादा भाव है। बाहर से आने वाली सब्जी डीजल महंगा होने के कारण उसके भाव आसमान छू रहे हैं वहीं कुछ किसानों की सब्जी की फसल समय से पहले झुलस गई।

# कलशा डालो रे डालो रे कलशा डालो

## मधुबन कॉलोनी में हुआ स्वर्ण जयंती शुभारंभ वर्ष एवं तीन दिवसीय वार्षिक मेले का आगाज

**जयपुर. शाबाश इंडिया**



श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर मधुवन कॉलोनी बरकत नगर टोंक फाटक के स्वर्ण जयंती वर्ष समारोह का शुभारंभ तीन दिवसीय वार्षिक मेले के प्रथम दिन मंदिर जी की मूल वेदी पर मुलनायक भगवान श्री पार्श्वनाथ की प्रतिमा पर श्रीजी के स्वर्ण कलश से अभिषेक हुआ। अभिषेक के पुण्यार्जक श्रीमती मनोरमा देवी सुनील कुमार छाबड़ा परिवार एवं श्रीमती मंजू प्रमेय पटौदी परिवार रहे। कार्यक्रम संयोजक राजेश बिंदयाका एवं सुनील सोगानी ने बताया कि महामस्त्काभिषेक में मधुबन जैन समाज के करीब 135 श्रवको ने अभिषेक कर पुण्यर्जन किया। भगवान की शांति धारा का सौभाग्य अशोक श्रेयांश लावा वाले एवं शांतिलाल संजय सुनील बगड़िया परिवार ने प्राप्त किया। अभिषेक के पश्चात झंडारोहण राजेंद्र गौरव जैन सोध्या परिवार के द्वारा किया गया। आज के कार्यकम में दीप प्रज्वलन एवं मुनि संघ के पाद प्रक्षालन के सौभाग्य सुरेश रमेश दिव्यांश छाबड़ा परिवार बेगस वाले को प्राप्त हुआ। मुनि श्री समत्वसागर जी महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि श्रावक को श्रमण संस्कृति की और अग्रसर होना चाहिए एवं श्रम करते हुए दिगंबर मुद्रा का उपासक एवं जैन मूल सिदान्तो का पालन करते हुए अपने जीवन को पुण्य की और अग्रसर करना चाहिए साथ ही मुनिश्री ने सभा में श्रद्धालुओं को दान की महत्व के बारे में बताया कि दान देने से एवं दान की अनुमोदना करने से पुण्य की प्राप्ति होती है। मंदिर जी प्रबंध समिति के अध्यक्ष अक्षय जैन मोदी एवं अनिल जैन छाबड़ा ने सभी पुण्यार्जक परिवारों का तिलक एवं माला पहनाकर स्वगत किया। वार्षिक मेले के मुख्य समन्वयक अर्पित बड़जात्या ने बताया कि रात्रि में भक्तांमर स्त्रोत्र के पाठ श्री चूलगिरी यात्रा संघ के द्वारा संपन्न हुए।

## पंचायती नसिया जी का स्वर्ण शताब्दी समारोह याग मंडल विधान के साथ सम्पन्न



**अमित गोधा. शाबाश इंडिया**

ब्यावर। श्री दिगम्बर जैन पंचायती नसिया जी का स्वर्ण शताब्दी समारोह ससंपन्न हुआ। आज प्रातः काल श्री दिगम्बर जैन पंचायती नसिया जी मे परम पूज्य 108 श्री अनुमप सागर जी महाराज ससंघ के सानिध्य में नसिया जी में महावीर भगवान मूलनायक अभिषेक व शांति धारा करने का सोभाग्य प्रकाश जितेन्द्र कपिल गदिया परिवार को पार्श्वनाथ भगवान पर श्री शैलेष विकल कासलीवाल परिवार चन्द्र प्रभु भगवान पर श्री राजकुमार यशोधर पहाड़िया परिवार आदिनाथ पर सुभाष शांतिलाल अनिल कटारिया परिवार शांतिनाथ भगवान पर चंचल जैन परिवार को पाडुशिला पर अशोक उज्वल पुष्प काला परिवार कमल रजनीश बाकलीवाल परिवार वीर कुमार कमल राँवका परिवार- डॉ प्रभाचन्द गंगवाल परिवार को अभिषेक व शांतिधारा करने का शोभाग्य प्राप्त हुआ .... इसके बाद स्वर्ण जयंती महामहोत्सव पर मुनि श्री के सानिध्य में नसिया जी पुण्याजर्क परिवार के वंशज श्रीमती बुद्धिमति शकुंतला उषा शरद संगीता शैलेष बीना विकल प्रवीणा प्रखर आयुषी आयुष प्रखर कासलीवाल परिवार द्वारा नसिया का मुख्य गेट का फीता किया गया बाद में इन्ही परिवार द्वारा चित्र अनावरण दीप प्रज्वलन व पाद प्रक्षलन करने का सोभाग्य प्राप्त हुआ । इसके बाद नसिया जी के पुण्यार्जक परिवार का सकल दिगम्बर जैन समाज ने एक प्रशस्ति पत्र कासलीवाल परिवार को दिया। अतिथियों का माला व साफा पहनाकर दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष अशोक काला मंत्री दिनेश अजमेरा ने बाहर से आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का सफल संचालन कमल कुमार रावका ने किया।

## सार्थक मानव कुष्ठाश्रम में मनाया गया "परम आनंद दिवस"




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

सार्थक मानव कुष्ठ आश्रम गलता में संस्थापक थियो कोसी मुकली के निर्वाण दिवस परम आनंद दिवस को श्रद्धांजलि भजन संध्या आयोजित कर मनाया गया। सुप्रसिद्ध भजन गायक नवल डांगी ने कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना से की।उसके बाद उन्होंने जानकी नाथ सहाय तब कौन बिगाड करें और इतनी शक्ति हमें दे ना दाता, मां का विश्वास कमजोर हो ना साथ ही सुप्रसिद्ध भजन ऐसी लागी लगन मीरा हो गई मगन सुना कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। इनके साथ तबले पर देवेंद्र कुमार और गिटार पर पवन बालोदिया और मजीरे पर विनोद शर्मा ने असरदार संगत की। इस भक्ति संध्या में कलाकार ईश्वर दत्त माथुर, गुरमिंदर सिंह पूरी रोमी और मनोज स्वामी ने अपने भजनों से लोगों को आनंदित किया। ''लेबेन ओहने निर्वाण दिवस को लेप्रा'' जिसका अर्थ है ''कुष्ठ रहित जीवन'', जिसका उद्देश्य समाज से, विशेषकर भारत से कुष्ठ रोग को पूरी तरह से समाप्त करना है। इस अवसर विभिन्न कुष्ठाश्रमों के कुष्ठ प्रभावित व्यक्ति, उनके परिजन, अन्य श्रेणी के दिव्यांगजन, वृद्धजन, कला जगत के प्रसिद्ध लोक कलाकार, शहर के गणमान्य व्यक्ति एवं संस्था के कार्यकर्त्ता उपस्थित थे। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष सुरेश कौल ने अपने संस्मरण साझा करते हुए कहते हैं कि करीब 35 वर्ष पूर्व थिया कोसे मुकलि अपनी सहेलियों के साथ सार्थक मानव कुष्ठ आश्रम आई थीं, उसके बाद गलता आश्रम हमेशा-हमेशा के लिए उनकी आत्मा में बस गया। वे ऐसी विद्वान, धर्मपरायण, कुष्ठ एवं विकलांगों की सच्ची हितैषी, मृदुभाषी, निर्मल हृदय, सेवाभावी व्यक्तित्व वाली वे सही मायनों में आश्रम के लोगों की मां थीं। कार्यक्रम का संचालन रंगकर्मी अनिल मारवाड़ी ने किया और मुकेश शर्मा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।




# दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन ने किया महेश काला का सम्मान

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन द्वारा वीर सेवक मंडल के अध्यक्ष महेश काला का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। रीजन अध्यक्ष राजेश बड़जात्या ने बताया कि यह सम्मान उनके द्वारा संस्था को दिए गए सहयोग के लिए किया गया। इस अवसर पर सन्मति ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष राकेश गोदिका , दिनेश पारीक आदि अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# जर्मन कंपनी ब्यूमर का मेट सिटी में 2 अरब का निवेश, 750 को मिलेगा रोजगार



**गुरुग्राम. शाबाश इंडिया।** हरियाणा के झज्जर में स्थित मॉडल इकोनॉमिक टाउनशिप (मेट) में जर्मनी की 'ब्यूमर इंडिया' मैन्युफैक्चरिंग प्लांट स्थापित करेगी। ब्यूमर ग्रुप मैटेरियल हैंडलिंग सॉल्यूशन का वैश्विक निमार्ता है। उसकी योजना इस अत्याधुनिक नई सुविधा में 2 अरब रुपये से अधिक का निवेश करने की है। प्लांट चालू होने पर यहां 750 लोगों से अधिक को रोजगार मिलने की उम्मीद है। यह कंपनी मेट सिटी में निवेश करने वाली पहली जर्मन कंपनी है। मेट सिटी के सीईओ एस.वी. गोयल ने कहा, ''हम मेट सिटी परिवार में ब्यूमर इंडिया का स्वागत करते हुए बेहद उत्साहित हैं। यह न केवल सर्वोत्तम-इन-क्लास बुनियादी ढाँचा प्रदान करने के हमारे संकल्प को मजबूत करेगा, बल्कि मेट सिटी को सबसे बड़े एकीकृत स्मार्ट शहरों के तौर पर भी स्थापित करेगा।'' ब्यूमर ग्रुप के सीईओ रुडोल्फ हाउसलाडेन ने कहा, 'यह विस्तार ब्यूमर ग्रुप के रणनीतिक फोकस और भारत में दीर्घकालिक सफलता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।' प्लांट सितंबर 2025 तक चालू होगा और इसके माध्यम से छोटे व्यवसायों को भी लाभ मिलेगा। मेट सिटी में 10 देशों की 570 से अधिक कंपनियां काम कर रही हैं, जो इसे एक प्रमुख इंटीग्रेटेड स्मार्ट सिटी बनाती हैं।

## वेद ज्ञान

# परम धर्म

मानव जीवन में प्रमुख रूप से तीन अंग देखे जाते हैं-विचार, साधना और कर्म। फलस्वरूप मनुष्य विचारक, साधक और कर्मठ कहा जाता है। साधना और कर्म में अंतर है। जीवन के समस्त कार्य-व्यापार को अच्छे और खराब कर्म में समाहित किया गया है। जब मनुष्य कर्मधारा को विशेष सद्दिशा में दृढ़ता से मोड़कर उसमें एकाग्रचित रहकर ध्यान जमाता है तब वहां उसका साधक स्वरूप दिखाई देता है। साधना के क्षेत्र में मन का बड़ा महत्व है। इसके चलते, विचरण करते मन को स्थिर करके ही साधना में रत हुआ जाता है। एक मनुष्य में यह तीनों स्वरूप मिल सकते हैं। कोई अधिक विचारक हो सकता है तो कोई अधिक साधक या अधिक कर्मठ। अधिक विचारक को दार्शनिक भी कहा जाता है। शंकराचार्य का अद्वैत विचारवाला रूप विचारक या दार्शनिक का है। गोविंद भक्ति या संन्यासरत स्वरूप साधक का है। पानी में डूबते समय माता से धर्म प्रसार की आज्ञा मांगनेवाला रूप कर्मी या कर्मशील पुरुष का है। तुलसीदास कृत विनयपत्रिका में माया और मानस में नाम और राम का विमोचन करने वाले तुलसी जी विचारक या दार्शनिक हैं। एकाग्रमन से विनयपत्रिका लिखने वाले तुलसीदास साधक स्वरूप हैं। दुखों से संघर्ष करने वाले और मित्र टोडरमल के स्वर्गधाम गमन के उपरांत उसके पुत्रों को प्रबोध प्रदान करने वाले तुलसीदास कर्मठ स्वरूप ही हैं। मनुष्य की भांति राष्ट्र, साहित्य और धर्म के भी तीन स्वरूप होते हैं। प्रत्येक संप्रदाय, मत, जाति और समाज में यह तीन अंग-दर्शन, साधना व व्यवहार रूप में देखे जा सकते हैं। कोई मत या धर्म दर्शनप्रधान हो जाता है तो कोई साधना या व्यवहार प्रधान। हिंदू धर्म दर्शन-प्रधान है। इसमें साधना को महत्व दिया गया, लेकिन अब न साधना है और न व्यवहार। मात्र अपने दर्शन के गौरव का स्मरण करके हम फूल जाते हैं। दूसरे के हित के समान विश्व में कोई धर्म ही नहीं है और दूसरे को पीड़ा देने के समान अधर्म या पाप नहीं है। धर्म की ऐसी कल्याणकारी और संपन्न परिभाषा विरलता से प्राप्त होती है। धारण करने वाला गुण ही तो धर्म है। परहित से बढ़कर कौन गुण होगा जो समाज को धारण करेगा। धर्म की कसौटी है कि मनुष्य से परहित हो।

## संपादकीय

# आसान नहीं लग रही केजरीवाल की रिहाई

राजधानी दिल्ली में हुए कथित शराब घोटाले की जांच अब बहुकोणीय हो गई है। पहले प्रवर्तन निदेशालय ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को इस मामले में गिरफ्तार किया था, अब केंद्रीय जांच एजंसी यानी सीबीआइ ने भी उन्हें हिरासत में ले लिया है। सीबीआइ का कहना है कि दिल्ली की आबकारी नीति बनाने में दक्षिण भारत का एक समूह शामिल था और उससे केजरीवाल जुड़े हुए थे। इस मामले में बड़ी साजिश का पता लगाने के लिए केजरीवाल का सबूतों से आमना-सामना कराना और उनसे पूछताछ जरूरी है। अदालत ने सीबीआइ की इस दलील को उचित मानते हुए केजरीवाल की तीन दिन की हिरासत मंजूर कर दी। माना जाता है कि सीबीआइ को कुछ पुख्ता सबूत हाथ लगे होंगे, तभी उसने हिरासत की मांग की। मगर हमेशा की तरह आम आदमी पार्टी इस मामले को सियासी हथकंडा करार दे रही है। कुछ दिनों पहले दिल्ली की राउज एवेन्यू अदालत ने केजरीवाल को जमानत दे दी थी। उसने प्रवर्तन निदेशालय के पास केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ पुख्ता सबूत न होने को लेकर नाराजगी भी जताई थी। मगर प्रवर्तन निदेशालय ने उस जमानत आदेश के खिलाफ उच्च न्यायालय में गुहार लगाई और जमानत पर स्थगन आदेश मिल गया। इसे लेकर अभी चर्चाएं चल ही रही थीं कि सीबीआइ ने केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया। दिल्ली शराब घोटाले की सच्चाई अभी रहस्य के पर्दे में है। आम आदमी पार्टी के कई नेता इसकी जांच की जद में आ चुके हैं। उपमुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया लंबे समय से जेल में हैं। संजय सिंह जेल जाकर आ चुके हैं। कयास लगाए जाते हैं कि और भी कुछ नेताओं तक इस जांच की आंच पहुंच सकती है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को अवैध ठहराने की कानूनी लड़ाई चल रही है। उन्हें सर्वोच्च न्यायालय ने आम चुनाव के दौरान प्रचार करने के लिए मोहलत दी थी, पर फिर उन्हें जेल जाना पड़ा। अब सीबीआइ ने एक नया सिरा पकड़ लिया है, तो केजरीवाल की रिहाई आसान नहीं लगती। केजरीवाल ने अभी तक मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं दिया है। चूंकि ऐसा कानूनी प्रावधान नहीं है कि किसी व्यक्ति को किसी आरोप में गिरफ्तारी से पहले इस्तीफा देना अनिवार्य है, इसलिए उन्होंने अपने पद पर बने रहने का फैसला किया। मगर सार्वजनिक जीवन में सब कुछ कानून से नहीं चलता, जनभावनाएं भी महत्त्वपूर्ण होती हैं। आम लोगों की यही अपेक्षा रहती है कि अगर किसी बड़े पद का निर्वाह कर रहे व्यक्ति पर कोई गंभीर आरोप लगे, तो वह नैतिक आधार पर खुद को उस पद से अलग कर ले। चूंकि कथित शराब घोटाला मामले को राजनीतिक रंग दे दिया गया है और इसे लेकर अभी तक कोई पुख्ता प्रमाण सामने नहीं आ सका है, इसलिए लोगों में भ्रम बना हुआ है। आम आदमी पार्टी और भाजपा एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाती रहती हैं।



**-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# बजट से जुड़े संकेत

लोक सभा के नए सत्र के पहले संसद में राष्ट्रपति का अभिभाषण केवल एक संवैधानिक प्रक्रिया भर नहीं होता है क्योंकि इसमें आमतौर पर अगले पांच वर्ष के लिए सरकार की नीतियों और योजनाओं को रेखांकित किया जाता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 18वीं लोक सभा की शुरूआत के बाद संसद के पहले संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए जो कुछ कहा वह कई लिहाज से महत्त्वपूर्ण था। यह संबोधन तब आया जब नरेंद्र मोदी का बतौर प्रधानमंत्री तीसरा कार्यकाल शुरू हुआ लेकिन यह वह कार्यकाल है जहां राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के साझेदारों की भूमिका बहुत अहम है क्योंकि पिछले दो अवसरों की तरह इस बार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को अपने दम पर बहुमत नहीं हासिल हो सका। व्यापक सामाजिक-राजनीतिक बहस के मुताबिक देखें तो यह ऐसे समय हुआ है जब रोजगार, खासकर युवा बेरोजगारी एक अहम मुद्दा है और घरेलू तथा विदेशी कारोबारियों का निवेश कमजोर पड़ा है। ऐसे में इस भाषण से उम्मीद की जा रही थी कि इसमें नीतिगत दिशा को लेकर अहम बातें कही जाएंगी। इस भाषण में सरकार की पिछली उपलब्धियों के बारे में विस्तार से बात की गई। इसने मोटे तौर पर इस बात पर जोर दिया कि कैसे भारत 10 वर्ष पहले की दुनिया की 11वीं बड़ी अर्थव्यवस्था से उठकर अब पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन गया है और इस समय हमारा देश दुनिया की सबसे तेज विकसित होती अर्थव्यवस्था वाला देश है। इन परिस्थितियों का श्रेय ''रिफॉर्म, परफॉर्म ऐंड ट्रांसफॉर्म'' को दिया गया। आर्थिक वृद्धि के मोर्चे पर कोविंड के बाद 2021 से 2024 के बीच वृद्धि का दायरा सालाना 8 फीसदी रहने की बात को रेखांकित किया गया। कुल मिलाकर अभिभाषण में राजनीतिक दृष्टि से सभी जरूरी विषयों को छुआ गया। सरकार के गरीबी निवारण पर ध्यान केंद्रित करने, पर्यावरण के अनुकूल अर्थव्यवस्था, किसानों और महिलाओं के सशक्तीकरण आदि विषयों को रेखांकित किया गया। उन विषयों का भी उल्लेख किया गया जिनका अतीत में काफी विरोध हुआ है। उदाहरण के लिए भाषण में इस बात का उल्लेख किया गया कि सरकार ने विवादास्पद नागरिकता संशोधन अधिनियम के तहत नागरिकता प्रदान करना शुरू किया, कैसे इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों ने पिछले चुनाव में एक बार फिर खरा उतर कर दिखाया और कैसे अनुच्छेद 370 को समाप्त करने से जम्मू-कश्मीर राज्य के विशेष दर्जे में परिवर्तन आया। यह दिलचस्प बात है कि भाषण में परीक्षा संबंधी संस्थाओं में व्यापक बदलाव के वादे से भी पीछे नहीं हटा गया। यह हाल ही में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) के पेपर लीक से जुड़ी हुई बात है। ध्यान रहे कि यह परीक्षा केंद्र सरकार की एक संख्या के नेतृत्व में कराई जाती है। राष्ट्रपति के अभिभाषण में इस बात के तगड़े संकेत थे कि सरकार आगामी आम बजट के लिए अपनी क्षमताएं बचाकर रख रही है। मुर्मु के अभिभाषण में साफ बताया गया कि कैसे आगामी बजट सरकारी दूरगामी और भविष्यदर्शी नीतियों और दृष्टिकोण का एक प्रभावी दस्तावेज होगा। मुर्मु ने वादा किया कि बड़े आर्थिक और सामाजिक निर्णयों के साथ बजट में कई ऐतिहासिक कदम भी देखने को मिलेंगे।

# डॉ. नरेंद्र कुमार जी जैन टीकमगढ़ ज्ञानोदय पुरस्कार से हुए सम्मानित



**इंदौर. शाबाश इंडिया।** श्रमण संस्कृति के इतिहास एवं पुरातत्व के क्षेत्र में सक्रिय संस्था ज्ञानोदय फाउंडेशन इंदौर द्वारा जाल सभागृह में पंचम सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें डॉ. नरेंद्र कुमार जैन जी टीकमगढ़ को उनकी कृति दक्षिण पूर्व एशिया की विलुप्त आर्हत संस्कृति के लिए ज्ञानोदय पुरस्कार 2023 से पुरस्कृत किया गया। पिछले पांच वर्षों से जैन इतिहास के संबंध में शोध परक लिखित, प्रकाशित अप्रकाशित कृति पर विद्वान लेखक को कुंद कुंद ज्ञानपीठ द्वारा प्रवर्तित एवं ज्ञानोदय फाउंडेशन द्वारा प्रायोजित ज्ञानोदय पुरस्कार प्रदान किया जाता है। इस बार वर्ष 2022 के पुरस्कार के लिए चयनित विद्वान डॉ निर्मल कुमार जी जैन विदिशा को उनकी कृति भारतीय इतिहास में श्रमण संस्कृति का योगदान के लिए एवं वर्ष 2023 के पुरस्कार के लिए सुप्रसिद्ध जैन मनीषी डॉ. नरेंद्र कुमार जी जैन टीकमगढ़ को उनकी कृति दक्षिण पूर्व एशिया की विलुप्त आर्हत संस्कृति के लिए पुरस्कृत किया गया। ऋषभ देव गौरव न्यास के सम्मान समारोह के प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि हुकुमचंद सांवला, विशिष्ट अतिथि न्यायमूर्ति अभय गोहिल एवं समारोह की अध्यक्ष देवी अहिल्या विश्व विद्यालय इंदौर की कुलपति डॉ. रेणु जैन ने शॉल, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र एवं 21000 रुपए की पुरस्कार राशि से सम्मानित किया। संचालन डॉ अनुपम जैन इंदौर ने किया। इस उपलब्धि पर उन्हें अनेक विद्वानों, शुभचिंतकों ने हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की है। - **डॉ. सुनील जैन संचय, ललितपुर**

# दिगम्बर जैन महासमिती के स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम का हुआ समापन



**अजमेर. शाबाश इंडिया**

विद्यासागर तपोवन में संचालित स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम का समापन आज नीरज जैन उपमहापोर, कंवल प्रकाश किशनानी राज धरोहर संरक्षण प्रोनिति प्राधिकरण के पूर्व सदस्य, ज्योति ककवानी जी ए डी एम पूर्व अल्प संख्यक आयोग की सदस्य लिलियन ग्रेस ,प्रकाश पाटनी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवम रूपश्री जैन अजमेर संभाग अध्यक्ष दिगंबर जैन महासमिति के सानिध्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के संयोजक मनोज मोड़ासिया ने बताया कि बच्चों की हौसला अफजाई के लिए विशेष स्थिति के रूप में हर्षिका बत्रा जिन्होंने राजस्थान को रिप्रेजेंट किया व मिस राजस्थान का खिताब हासिल किया ने सभी शिविर के बच्चों को सर्टिफिकेट दिए । रूपश्री जैन ने इस शिविर में प्रशिक्षित सभी आयु वर्ग को विशेष रूप से वर्गीकृत कर विभिन्न फेकल्टी डांस मेहंदी ब्यूटी एवम मांडना में आज प्रतियोगिता कराई ओर बच्चों व महिलाओं को पुरस्कृत किया गया। सभी प्रशिक्षकों को अतिथियों के द्वारा स्मृति चिन्ह व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया ।मुख्यतः साधना धनगसिया , मीना दोषी संजय सेठी,दीपक शर्मा अंजलि पिंकी प्रजापति ने प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम में अनुभा बाकलीवाल , मंत्री सुनीता गंगवाल, कोषाध्यक्ष रिंकू सेठी, सांस्कृतिक मंत्री शैलजा, कुसुम लता जैन की टीमवर्क से कार्यक्रम संपन्न हुआ। अजय दोसी, राजेंद्र पाटनी, विनय गदिया आदि का सहयोग पिछले 5 दिन से बराबर रहा कार्यक्रम के समापन पर अल्पाहार की व्यवस्था की गई।

## मोटिवेशनल स्पीकर एस पी भारिल्ल ने गुरुदेव प्रमाण सागर जी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया



**भोपाल. शाबाश इंडिया**

प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर जैन समाज के गौरव जयपुर निवासी एस पी भारिल्ल ने आज नेहरू नगर भोपाल में विराजित गुणायतन प्रणेता परम पूज्य मुनिश्री 108 प्रमाणसागर जी महाराज ससंघ के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया ।समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि ने एस पी भारिल्ल ने गुरुदेव से अध्यात्म की चर्चा कर अपनी शंकाओं का समाधान किया तथा उन्हें शास्त्र भेट किए।




# डॉक्टर पी सी जैन को राजकीय सेवा से निवृत होने पर माल्यार्पण कर दी विदाई



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

प्रसिद्ध समाज सेवी, मुनि भक्त, सरल स्वभाव के धनी बापू नगर निवासी डॉक्टर पी सी जैन का आज राजकीय सेवा से सेवा निवृत होने पर पशु चिकित्सा विभाग के साथियों, मित्रो, परिवारजनों आदि ने माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया तथा उनके द्वारा दी गई सेवाओं के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर फोर्टी के उपाध्यक्ष महेश काला ने कहा कि सेवा निवृत्ति के पश्चात डॉक्टर पी सी जैन की सेवाओं का लाभ समाज को और भी ज्यादा प्राप्त होगा।

# युगल मुनिराजों का मुरैना में होगा चातुर्मास

## 17 को मंगल प्रवेश, 28 जुलाई को होगी कलश स्थापना




**मनोज जैन नायक. शाबाश इंडिया**

मुरैना। इस वर्ष नगर के जैन मंदिर में युगल मुनिराजों का चातुर्मास होना निश्चित हो गया है। श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन पंचायती बड़ा जैन मंदिर के अध्यक्ष प्राचार्य अनिल जैन एवम मंत्री विनोद जैन तार वाले द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार अभीक्ष्ण ज्ञानोपयोगी आचार्य श्री वसुनंदी जी महाराज के सुयोग्य शिष्य मुनिश्री शिवानंद जी महाराज एवम प्रशमानंद जी महाराज का बड़े जैन मंदिर मुरैना में चातुर्मास होना सुनिश्चित हुआ है। पूज्य युगल मुनिराज इस समय बुंदेलखंड के टीकमगढ़ में विराजमान हैं । पूज्य मुनिराजों ने आज टीकमगढ़ से मुरैना के लिए पद विहार प्रारंभ कर दिया है । युगल मुनिराज बंधाजी, झांसी, दतिया, सोनागिर, डबरा, ग्वालियर पद विहार करते हुए मुरैना पहुचेंगें। नगर मुरैना में 17 जुलाई को युगल मुनिराजों का भव्य मंगल प्रवेश होने की पूर्ण संभावना हैं। जैन ने बताया कि जैन मुनि बरसात के चार माह एक ही स्थान पर रहकर साधना करते हैं । चातुर्मास के दौरान वे स्वयं तो आत्म साधना करते ही हैं साथ ही श्रावकों को भी आत्म साधना करने के लिए प्रेरित करते हैं । चातुर्मास के चार माह निरंतर धर्म एवम ज्ञान की गंगा प्रवाहित होगी। संभावना व्यक्त की जा रही है कि चातुर्मास हेतु रविवार 28 जुलाई को एक भव्य कार्यक्रम में मंगल कलश स्थापना होगी ।

गो माता सेवार्थ ग्रुप,
दुर्गापुरा गौशाला, जयपुर द्वारा
रक्तदान शिविर
रविवार 30 जून 2024
प्रातः 8 से 2 बजे तक
स्थान : दुर्गापुरा गौशाला, टोंक रोड, जयपुर
क्यों न खुद की एक पहचान बनाये। चलो रक्तदान करे और करवाये।।
सम्पर्क सूत्र
अशोक जैन 9314186966
गोपी अग्रवाल, भीमराज कांकरवाल
संयोजक
कमल अग्रवाल, सतीश गोयल, हनुमान सोनी, राकेश गोदिका, दिनेश अग्रवाल, नीरज बंसल, कैलाश खंडेलवाल, कुशल अग्रवाल, मनोज सर्राफ, पुष्पेन्द्र अग्रवाल, राजकुमार रोहिल्ला, राकेश गट्टानी, लक्ष्मीकांत जी, शैलेन्द्र शर्मा, शैलेन्द्र अग्रवाल, राहुल जैन
निवेदक : राकेश-समता गोदिका, अध्यक्षः सोशल एंड ब्लड एड सोसायटी

# ग्लोबल भक्तामर हीलिंग सेंटर चेन्नई की संयोजिका अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त हीलर डॉक्टर सरिता जैन काला का हुआ सम्मान





**नागपुर. शाबाश इंडिया**

इंटरनेशनल भक्तामर हीलिंग एण्ड रिसर्च फाउण्डेशन सीएमडी डॉक्टर अनीश जैन के तत्वावधान में आयोजित नागपुर के सुरेश भट्ट सभागार में अखिल भारतीय श्री दिगम्बर जैन महा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ मणिन्द्र जैन दिल्ली के कर कमलों द्वारा डॉक्टर सरिता जैन(चेन्नई) को भक्तामर हीलिंग एक्सीलेंस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। जो कि भक्तामर ग्लोबल मदर डॉक्टर मंजू जैन नागपुर के निर्देशन में पिछले साढ़े चार सालों से ग्लोबल भक्तामर हीलिंग सेंटर चेन्नई सरिता परिधि टीम जूम के माध्यम से हीलिंग सेवा प्रदान कर रही है जिसमें 20,000 से ज्यादा मरीजों को ठीक कर चुकी है। 23 जून रविवार को प्रथम तीर्थंकर देवाधिदेव 1008 श्री आदिनाथ भगवान का गर्भ कल्याणक महोत्सव एवं भक्तामर महा महोत्सव बड़े ही धूमधाम से धर्म नगरी नागपुर की पावन धरा पर कविवर्य सुरेश भट्ट सभागृह ऑडिटोरियम में सीएमडी डॉ अनीश जैन, भक्तामर ग्लोबल मदर डॉ मंजू जैन, डॉ ऋचा जैन,एवम् डॉ अनिल जैन दिल्ली के निर्देशन एवम्सानिध्य में सानंद पूर्वक संपन्न हुआ जिसमें देश और विदेशों के भक्त एवं कई गणमान्य अतिथि इस महोत्सव का हिस्सा बने जिसमें एक साथ एक ही मंच पर 72 मरु देवी माताओं की गोद भराई रस्म एवं 4800 दीपकों से भक्तामर का सामूहिक पाठ भक्तिमय वातावरण में सानंद पूर्वक संपन्न हुआ डॉक्टर सरिता जैन (चेन्नई)ने अपने भजनों के माध्यम से लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया मंत्र मुग्ध कर दिया।सरिता जैन ने कहा कि हमारे ऊपर सभी जैन संत का मंगल आशीर्वाद है विशेष रूप से अन्तर्मना आचार्य श्री 108 प्रसन्न सागर जी महामुनिराज का आशीर्वाद ओर मेरे माता पिता बहुत ही धर्मात्मा थे उन्ही की प्रेरणा से में ये मानव सेवा कर रही हूं। ये पूरे जैन समाज के लिए गौरवान्वित पल है सरिता जैन हर क्षेत्र में सामाजिक धार्मिक व खेल जगत सभी क्षेत्रों में अग्रणी है यह हमारे जैन समाज के लिए बहुत ही गर्व की बात है इस अवसर पर चेन्नई जैन समाज, बेंगलोर से रंजू जैन, धनबाद से प्रदीप बुलबुल जैन, मनोज वंदना जैन कोडरमा से विनोद ललिता जैन एवं संजय-बबिता जैन गंगवाल,दिल्ली से अर्हम योग के अजय-अंजू जैन गंगवाल, आदि लोगो ने सरिता जैन को बधाई दी।

**रिपोर्ट: कोडरमा मीडिया प्रभारी राज कुमार जैन अजमेरा**

## दिगंबर जैन सोशल ग्रुप गंगापुर का शपथ ग्रहण एवं जल सेवा समापन कार्यक्रम 30 जून रविवार को

**गंगापुर सिटी. शाबाश इंडिया।** आगामी 30 जून रविवार को रूकमणि पैलेस में दिगंबर जैन सोशल ग्रुप गंगापुर सिटी की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम संयोजक नरेंद्र जैन नृपत्या रीजन उपाध्यक्ष ने बताया कि दिगंबर जैन सोशल ग्रुप की चुनाव कमेटी द्वारा आगामी सत्र के लिए सर्वसम्मति से नये पदाधिकारियों का चयन किया गया था। सभी नए पदाधिकारी को ग्रुप के रीजन अध्यक्ष राजेश सीमा जैन बड़जात्या द्वारा शपथ ग्रहण करवाई जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अध्यक्ष राजेश सीमा बडजात्या होंगे एवं विशेष अतिथि के रूप में दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन के महामंत्री निर्मल सरला संधी रहेंगे। ग्रुप के निवर्तमान अध्यक्ष विमल जैन गोधा एवं महामंत्री डॉ मनोज जैन द्वारा ग्रुप द्वारा की गई कार्यो के बारे में रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी। इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष के के जैन ,महामंत्री अभिनंदन जैन, कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र जैन पांड्या सहित अन्य पदाधिकारी भी शपथ ले कर अपने दायित्व को ग्रहण करेंगे। इस अवसर पर दिगंबर जैन सोशल ग्रुप गंगापुर सिटी द्वारा महावीर जयंती से लगातार रेलवे स्टेशन पर इस भीषण गर्मी में रेल यात्रियों के लिए चलाई जा रही निशुल्क जल सेवा का विधिवत समापन भी किया जाएगा एवं जल सेवा में सहयोग करने वाले सभी जल सेवकों का सम्मान किया जाएगा। इस जल सेवा की संयोजक नरेंद्र जैन नृपत्या ने बताया कि इस जल सेवा में दिगंबर जैन सोशल ग्रुप के सदस्य परिवारों के साथ-साथ शहर के युवा सामाजिक कार्यकर्ता बड़ी संख्या में आकर सहयोग करते रहे हैं एवं यह जल सेवा मुंबई दिल्ली मार्ग पर बहुत ही प्रसिद्ध है जल सेवा के दौरान कार्यकताओं द्वारा यात्री गाड़ियों पर उनकी सीटों पर ही खिड़कियों के माध्यम से शीतल उनकी बोतलों में भर गया एवं उन्हें पिलवाया गया। भीषण गर्मी में शीतल जल को मनुहार के साथ में यात्रियों को पिलवाते देख सभी यात्री भी कार्यकर्ताओ का उत्साह वर्धन करते हुए नहीं थकते थे।


चार्टर नं. 179
दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप
गंगापुर सिटी
शपथ ग्रहण एवं
जल सेवा समापन समारोह
दिनांक 30 जून 2024 रविवार
स्थान - रूकमणि पैलेस, ट्रक यूनियन के पास गंगापुर सिटी
---- कार्यक्रम ----
स्वागत अतिथि - सांय 5:00 बजे
स्नेह भोज - सांय 5:30 बजे से
शपथ ग्रहण एवं जल सेवक सम्मान समारोह
सांय 7:15 बजे
मुख्य अतिथि
श्री राजेश-सीमा बडजात्या
रीजन अध्यक्ष
दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फैडरेशन, राज. रीजन
विशिष्ट अतिथि
श्री निर्मल - सरला संघी
रीजन महामंत्री
दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फैडरेशन, राज. रीजन
कार्यक्रम में सभी ग्रुप सदस्य सपरिवार सादर आमंत्रित हैं।
जल सेवा में सहयोग करने वाले सभी जल सेवक कार्यक्रम में सादर आमंत्रित है कृपया पधारकर हमें अनुग्रहित करें।
- निवेदक --
विमल जैन गोधा
कार्यवाहक अध्यक्ष
एवं समस्त कार्यकारिणी सदस्य




# बी सेक्टर शास्त्री नगर भीलवाड़ा में पौधारोपण किया



**प्रकाश पाटनी. शाबाश इंडिया**

भीलवाड़ा। बी. सेक्टर शास्त्री नगर स्थित पार्क में वीतराग महिला मंडल शास्त्री नगर के तत्वावधान में मुख्य अतिथि पूर्व सभापति मंजू पोखरना के सानिध्य में पौधारोपण किया गया। प्रवीण चौधरी ने अध्यक्षता की। मंडल की अध्यक्ष भूमिका जैन ने बताया कि पार्क में 100 पौधे लगाए गए एवं इस वर्षा काल में विभिन्न पार्कों में 1000 पौधे आगे लगाए जाएंगे। मंडल की सचिव रितिका पाटनी ने सभी का सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर रूपल छाबड़ा, मानसी चौधरी, सीमा सोनी, उर्मिला चौधरी, सपना चौधरी, नीलू काला, दिव्या सोगानी सहित 40 सदस्यों ने पौधारोपण करने में सहयोग किया ।

# चित्रकूट कॉलोनी जयपुर समाज ने चढ़ाया गुरु मां को मंगल प्रवास के लिए श्रीफल



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

परम पूज्य भारत गौरव 105 विज्ञाश्री माताजी ससंघ का श्री दिगंबर जैन मंदिर लाल कोठी एवरेस्ट कॉलोनी जयपुर में भव्य मंगल प्रवेश संपन्न हुआ। भक्तों ने बड़े उत्साह के साथ माताजी का मंदिर की में प्रवेश कराया। गुरु भक्त बृजेंद्र अलवर वालों के निवास स्थान में पूज्य गुरु मां की आहार चर्या संपन्न हुई। श्रावक श्रेष्ठी चेतन छाबड़ा ने जन्मदिन पर पूज्य गुरु मां का वात्सल्य पूर्ण आशीर्वाद प्राप्त किया। तत्पश्चात चित्रकूट कॉलोनी जयपुर समाज के पदाधिकारी ने पूज्य गुरु मां के चरणों में प्रवास हेतु श्रीफल समर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। टोडरमल स्मारक के सम्पादक अखिल बंसल हीरा चंद वैद पीयूष शास्त्री ने गुरु मॉं का आशीर्वाद प्राप्त किया। पूज्य गुरु मॉं ने सभी को रिश्तों की अहमियत बताते हुए कहा कि - रिश्ते ऐसे बनाओ कि जिसमें शब्द कम और समझ ज्यादा हो , झगड़े कम और बातचीत ज्यादा हो , प्रमाण कम और प्रेम ज्यादा हो। रिश्तें न मोती की तरह होते हैं, अगर कोई गिर भी जाये तो झुक के उठा लेना चाहिये। 29 जून 2024 प्रातः 7:30 बजे आर्यिका संघ का भव्य मंगल प्रवेश कल्याण नगर जैन मंदिर में होने जा रहा है।

## श्री दिगंबर जैन मंदिर नसियां कीर्तिस्तम्भ, थम्म की नसियां में श्री विमलनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक मनाया



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री दिगंबर जैन मंदिर नसियां कीर्तिस्तम्भ,थम्म की नसियां आमेर,जयपुर मे 13वें तीर्थंकर देवाधिदेव 1008 श्री विमलनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक दिवस हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इस शुभ अवसर पर मूलनायक 1008श्री विमलनाथ भगवान जी का अभिषेक तथा शांति धारा के उपरांत पूजा अर्चना कर मोक्ष कल्याणक का अर्घ एवं निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। कार्यक्रम में नेमीनाथ सांवलाजी (आमेर) ट्रस्ट के संयुक्त मंत्री उमराव मल संघी, संयुक्त मंत्री प्रदीप कुमार जैन,क्षेत्र के अन्य मन्दिरान समिति के सदस्य योगेश टोडरका, प्रदीप ठोलिया उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि कीर्तिस्तम्भ नसियां के प्रबंधकर्ता, प्रबन्ध कारिणी कमेटी दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र श्रीमहावीरजी है।


## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतु का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# जैन महासभा का राष्ट्रीय अधिवेशन 30 जून को जयपुर में







**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जैन समाज के लिए हर्ष का विषय है कि इस वर्ष समाज के विकास एवं कल्याण के लिए कृतसंकल्प 130 वर्ष पुरानी राष्ट्रीय संस्था श्री भारतवर्षीय दिगंबर जैन महासभा की केंद्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक एवं राष्ट्रीय अधिवेशन दिनांक 30 जून को राजस्थान राज्य की गुलाबी नगरी जयपुर में होने जा रहा है। अध्यक्ष राजस्थान प्रांत कमल बाबू जैन ने अवगत कराया कि महासभा के सभी विंग धर्म संरक्षिणी, तीर्थ संरक्षिणी, श्रुत संवर्धिनी, महिला एवं युवा घटक एवम जैन राजनैतिक चेतना मंच के महासंगम के शीर्ष प्रतिनिधि महाअधिवेशन में अपने अपने कार्यक्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेंगे। अधिवेशन में प्रतिनिधियों द्वारा विगत वर्षों में समाज के लिए किए कार्यों की समीक्षा की जाएगी एवं आगामी वर्ष की कार्य योजना के बारे में अपने विचार साझा किए जायेंगे।

गजराज जैन राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रकाशचंद बड़जात्या महामंत्री सहित केंद्रीय कार्यकारिणी एवं विभिन्न प्रांतों के प्रतिनिधि अधिवेशन में अपनी सहभागिता प्रदान करेंगे। महासभा द्वारा धार्मिक क्षेत्र में आगम परंपरा के पालन एवं मुनियों के आहार, विहार एवं निहार महती भूमिका का निर्वहन करती है। सामाजिक भूमिका मे अल्पसंख्यकों को उपलब्ध परिलाभ के बारे में समय समय पर जानकारी दी जाती है। साथ ही अल्पसंख्यक प्रमाण पत्र भी जारी किए जाते है। महासभा डिजिटल प्लेटफार्म पर भी उपलब्ध है, जिसके अंतर्गत जॉब पोर्टल, बिजनेस डायरेक्ट्री, मैट्रिमोनियल आदि उपयोगी सेवाओं का समाज द्वारा लाभ उठाया जा रहा है। इसी तरह कुटीर, लघु उद्योग, स्वावलंबन उद्योग शुरू करने पर रुपए 20000 तक की बिना ब्याज ऋण राशि उपलब्ध करवाई जा रही है। प्रस्तावित राष्ट्रीय अधिवेशन एवं इससे संबद्ध सभी व्यवस्थाओं को संपन्न करवाने का दायित्व श्री भारतवर्षीय दिगंबर जैन ( धर्म संरक्षिणी) महासभा राजस्थान प्रांत को प्रदान किया गया है। अधिवेशन कार्यक्रम के पोस्टर का शिखर चंद कासलीवाल, अनिल कुमार दीवान, कमल चंद चांदवाड़, चंद्रप्रकाश पहाड़िया, सुरेश सबलावत, प्रमोद पहाड़िया आदि गणमान्य समाजसेवियों द्वारा विमोचन किया गया है।

## उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी से श्री महावीर जी प्रबंधकारिणी कमेटी ने की भेंट

### पैनोरमा बनाये जाने के लिए राज्य सरकार का जताया आभार



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी की प्रबंधकारिणी कमेटी के पदाधिकारियों ने राजस्थान के मुख्यमंत्री द्वारा श्री महावीर जी में पैनोरमा बनाये जाने की घोषणा के क्रम में आभार जताने एवं पैनोरमा की रुपरेखा की विस्तृत जानकारी देने के लिए गुरुवार को शासन सचिवालय में उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी से भेंट की। इस मौके पर कमेटी के शिष्ट मंडल ने गुलदस्ता भेट कर राज्य सरकार, पर्यटन विभाग एवं राजस्थान धरोहर प्राधिकरण का आभार व्यक्त किया। उप मुख्यमंत्री ने श्री महावीर जी ट्रस्ट द्वारा पर्यटन विभाग को पेनोरमा बनाने हेतु भूमि उपलब्ध करवाने के निर्णय को स्वागत योग्य बताते हुए कमेटी पदाधिकारियों द्वारा दी गई जानकारी के लिए प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने शीघ्र ही बजट में इसकी घोषणा करने का आश्वासन दिया। शिष्ट मंडल में प्रबंधकारिणी कमेटी के अध्यक्ष सुधान्शु कासलीवाल, कोषाध्यक्ष विवेक काला,सदस्य सुधीर कासलीवाल, प्रशासनिक समन्वयक भारत भूषण जैन, आर्किटेक्ट आयूष कासलीवाल, तुषार सोगानी शामिल थे। **रिपोर्ट: विनोद जैन कोटखावदा-प्रचार प्रसार संयोजक**





हमारी वैवाहिक वर्षगांठ पर आप सभी के द्वारा दी गई शुभकामनाओं व बधाई संदेश ने हमारा आज का दिन मंगलमय बना दिया। आप सभी का हृदय की गहराई से बहुत बहुत आभार व धन्यवाद

**सुनील - आरती पहाड़िया**

पार्श्वनाथ कॉलोनी , निर्माण नगर अजमेर रोड

# बवासीर से निजात कैसे मिले?

सबसे पहले कृपया याद रखें, सभी प्रकार के बवासीर आयुर्वेदिक दवाओं से ठीक हो सकते हैं - अर्श कुठार रस, कांचनार गुग्गुल, पंच हरणचूर्ण, शिलाजत्वादि वटी, कासीसादि तैल, जात्यादि तैल आदि। सर्वोत्तम उपचार सर्वोत्तम निदान पर निर्भर करता है। बवासीर इतना सरल नहीं है, निदान (डायग्नोसिस) की आवश्यकता है। बवासीर जिसे पाइल्स भी कहा जाता है, आपके गुदा और निचले मलाशय में सूजी हुई नसें होती हैं, जो वैरिकाज नसों के समान होती हैं। बवासीर मलाशय के अंदर (आंतरिक बवासीर) या गुदा के आसपास की त्वचा के नीचे (बाहरी बवासीर) विकसित हो सकता है। लगभग चार में से तीन वयस्कों को समय-समय पर बवासीर होगी। बवासीर के कई कारण होते हैं, लेकिन अक्सर इसका कारण अज्ञात होता है।




## बवासीर तीन प्रकार की होती है...

**बाहरी बवासीर:** ये आपके गुदा के आसपास की त्वचा के नीचे होते हैं। संकेत और लक्षणों में शामिल हो सकते हैं:

आपके गुदा क्षेत्र में खुजली या जलन

दर्द या असुविधा

आपके गुदा के आसपास सूजन

खून बह रहा है

**आंतरिक बवासीर**

आंतरिक बवासीर मलाशय के अंदर होती है। आप आमतौर पर उन्हें देख या महसूस नहीं कर सकते हैं, और वे शायद ही कभी असुविधा पैदा करते हैं। लेकिन मल त्यागते समय तनाव या जलन हो सकती है:

मल त्याग के दौरान दर्द रहित रक्तस्राव। आप अपने टॉयलेट टिश्यू पर या शौचालय में थोड़ी मात्रा में चमकदार लाल रक्त देख सकते हैं।

बवासीर का गुदा द्वार में प्रवेश करना (बाहर निकला हुआ या फैला हुआ बवासीर), जिसके परिणामस्वरूप दर्द और जलन होती है।

**घनास्त्र बवासीर**

यदि बाहरी बवासीर में रक्त जमा हो जाता है और थक्का (थ्रोम्बस) बन जाता है, तो इसका परिणाम यह हो सकता है:

गंभीर दर्द

सूजन

**आपके गुदा के पास एक सख्त गांठ**

बवासीर निचले मलाशय में दबाव बढ़ने के कारण होता है। गुदा के आसपास और मलाशय में रक्त वाहिकाएं दबाव के कारण खिंच जाएंगी और उनमें सूजन या उभार आ सकता है, जिससे बवासीर बन सकती है। इसका कारण यह हो सकता है: पुरानी कब्ज।

**मसालेदार भोजन**

बवासीर से जुड़े दर्द और परेशानी को बढ़ा सकता है। कैफीनयुक्त पेय पदार्थ. ये पेय पदार्थ, विशेष रूप से कॉफी, आपके मल को कठोर कर सकते हैं और शौचालय का उपयोग करना अधिक दर्दनाक बना सकते हैं। शराब का भी ऐसा ही असर हो रहा है.

लंबे समय तक दस्त के कारण भी बवासीर हो सकता है।

मोटापा या अधिक वजन होने से बवासीर का खतरा बढ़ जाता है।

नियमित रूप से भारी वस्तुएं उठाने वाले और कठिन शारीरिक श्रम करने वालों को बवासीर होने का खतरा रहता है।

जिन लोगों के व्यवसाय में लंबे समय तक बैठने की आवश्यकता होती है, उन्हें गुदा रक्त वाहिकाओं पर दबाव पड़ने का खतरा होता है जिससे बवासीर हो सकता है।

गर्भावस्था बवासीर के सबसे आम जोखिम कारकों में से एक है। श्रोणि के भीतर बढ़ते बच्चे के साथ श्रोणि में रक्त वाहिकाएं दब जाती हैं और इससे गुदा और मलाशय की रक्त वाहिकाएं बढ़ जाती हैं और बवासीर का विकास होता है। ये बवासीर आमतौर पर बच्चे के जन्म के बाद गायब हो जाते हैं।



**डॉ पीयूष त्रिवेदी**
आयुर्वेदाचार्य
चिकित्साधिकारी राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय राजस्थान विधानसभा,जयपुर। 9828011871

**मसालेदार भोजन बवासीर से जुड़े दर्द और परेशानी को बढ़ा सकता है। कैफीनयुक्त पेय पदार्थ. ये पेय पदार्थ, विशेष रूप से कॉफी, आपके मल को कठोर कर सकते हैं और शौचालय का उपयोग करना अधिक दर्दनाक बना सकते हैं। शराब का भी ऐसा ही असर हो रहा है...**

उम्र के साथ बवासीर का खतरा बढ़ता है। 50 से अधिक उम्र वालों को बवासीर का खतरा अधिक होता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि मलाशय और गुदा नलिका के सहायक ऊतक उम्र के साथ कमजोर हो जाते हैं और इस प्रकार बवासीर को विकसित होने का मौका देते हैं।

कुछ व्यक्तियों में बवासीर विकसित होने का पारिवारिक जोखिम होता है। उन्हें कमजोर रक्त वाहिकाएं विरासत में मिल सकती हैं जिनमें सूजन और बवासीर होने का खतरा अधिक होता है।

गुदा नलिका के आसपास संक्रमण भी रक्त वाहिकाओं को कमजोर कर देता है और तनाव और कब्ज से बवासीर का खतरा बढ़ सकता है।

लिवर सिरोसिस के कारण मलाशय के भीतर नसें सूज जाती हैं और फूल जाती हैं जिन्हें वैरिकोज वेन्स कहा जाता है। ये कब्ज के बिना हो सकते हैं और रक्तस्राव और अन्य जटिलताओं का कारण बन सकते हैं। जलोदर या पेट के भीतर अतिरिक्त तरल पदार्थ जमा होने से भी बवासीर का खतरा होता है। जलोदर सिरोसिस जैसे यकृत रोगों के कारण होता है। सूजा हुआ पेट रक्त वाहिकाओं पर भी दबाव डालता है जिससे बवासीर हो जाती है।

पुरानी खांसी लगातार पेट के अंदर दबाव बढ़ाती है और बवासीर का कारण बन सकती है

लंबे समय तक गुदा मैथुन करने वाले व्यक्तियों को बवासीर का खतरा होता है। यह गुदा और मलाशय की मांसपेशियों के कमजोर होने के कारण होता है।

जिन व्यक्तियों ने पहले मलाशय या गुदा की सर्जरी करवाई है, उनमें भी बवासीर का खतरा समान होता है क्योंकि उनके मलाशय और गुदा की मांसपेशियां कमजोर हो सकती हैं और तनाव के कारण बवासीर हो सकती है।